www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क
ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-258 | सागवाड़ा,रविवार,5 जून, 2022 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

# समग्र पाटीदार समाज के युवाओं ने भरी हुंकार, जो समाज हित की बात करेगा वहीं समाज पर राज करेगा

## समग्र पाटीदार समाज के युवाओं की संगठनात्मक बैठक संपन्न

**डूंगरपुर।** समग्र पाटीदार समाज की युवा संगठनात्मक बैठक रविवार को अटल बिहारी वाजपेयी सामुदायिक भवन डूंगरपुर में आयोजित हुई। जिसमें डूंगरपुर, बांसवाड़ा व उदयपुर के समग्र पाटीदार समाज के युवाओं ने भाग लिया। समग्र पाटीदार समाज के विविध क्षेत्रों में कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता समाज के विविध विषयों पर एवं संगठनात्मक चर्चा की। बैठक की शुरुआत में समग्र पाटीदार समाज के युवाओं का परिचय सत्र आयोजित किया गया जिसमें युवाओं का एक - दूसरे से परिचय किया गया। डायालाल पाटीदार, नवाडेरा ने युवाओं को स्वागत उद्बोधन दिया। मनोज पाटीदार करावाड़ा ने बताया कि जिले में समग्र पाटीदार को एकजुट होकर संगठित होने व जिले में दूसरे नम्बर की सबसे बड़ी समाज होते हुए भी कोई भी बड़ा राजनीतिक लाभ नही मिल पा रहा है इस पर चिंत्तन करने की आवश्यता है व सामाजिक संगठन को जबूत करने की जरूरत हैं। डॉ.हितेश पाटीदार ने बताया कि समग्र पाटीदार समाज में शिक्षा के क्षेत्र में विशेष पहल करते हुए हमें गांव स्तर पर निशुल्क लाइब्रेरी का प्रचलन लाना होगा। शिक्षित समाज ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर सकता है।

युवा देश का भविष्य है और शिक्षित युवा ही देश विकास में योगदान दे सकता है। आज के दौर में रोजगार की कमी नहीं है, लेकिन युवाओं में कौशल विकास की कमी है। अगर युवा पीढ़ी किसी भी काम में कुशल एवं कौशल हो जाए, तो यकीनन वह जीवन में एक अच्छे मुकाम को हासिल कर सकता है। व्यवसाय के क्षेत्र में समाज के बंधु का हर संभव सहयोग करके आगे बढ़ना होगा। उदयपुर से विष्णु पटेल ने कहा कि आज राजनीति क्षेत्र में समग्र पाटीदार समाज को दरकिनार किया जा रहा है, अब यहां नहीं चलेगा। पाटीदार समाज को राजनीति में पर्याप्त हिस्सेदारी दी जानी चाहिए जिसका समग्र पाटीदार समाज हकदार है। डेविड पाटीदार, खेड़ा सामोर ने बताया कि जिले में समग्र पाटीदार समाज के प्रत्येक गांव स्तर पर युवाओं को जोड़कर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। हमें क्षेत्रवाद तक सीमित न होकर अखंड व समग्र पाटीदार समाज का नैतिक निर्माण करना है। राजेश पाटीदार चिखली ने बताया हमारी राजनीतिक विचारधारा अलग अलग हो सकती है लेकिन समाज की जाजम पर एक होकर समाज को आगे ले जाने के लिए प्रयास करना होगा। जब बात समाज की आए तो राजनीति को ठुकराने में भी पीछे नहीं हटेंगे। समग्र पाटीदार समाज के युवाओं के लिए राष्ट्र व समाज के बाद है पार्टी। लालशंकर पाटीदार मोकरवाड़ा ने कहा की हर समाज की सफलता का आधार उसकी युवा पीढ़ी और उनकी उपलब्धियाँ होती हैं। समाज का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित है। इसलिए युवा समाज निर्माण में सर्वोच्च भूमिका निभाते हैं।

वल्लभ पाटीदार ऊपरगांव ने समाज में शिक्षा को लेकर जन चेतना लाने के प्रयासों पर प्रकाश डाला। कमलाशंकर पाटीदार झलाप ने कहा कि समग्र पाटीदार समाज के मजबूत संगठन पर फोकस करते राज्य सरकार की विभिन्न भर्तियों में TSP क्षेत्र में ओबीसी वर्ग के लिए पदो के वर्गीकरण मे शून्य पद रहते हैं। जो की TSP क्षेत्र में ओबीसी की जनसंख्या लगभग 20% ऊपर निवासरत है।जो की सरकार के द्वारा ओबीसी वर्ग के साथ अन्याय हो रहा है। अत राजनीति के क्षेत्र में भी ओबीसी वर्ग की विभिन्न सरकारों ने समय समय पर उपेक्षा हो रही है। अत ओबीसी वर्ग को कभी भी निश्चित प्रतिनिधित्व नही मिला। जो की विभिन्न सरकारों ने कुठाराघात किया है। निकट भविष्य में समग्र पाटीदार समाज का मजबूत संगठन बना कर उपेक्षा करनी वाली सरकारों को सबक सिखाया जाएगा।

सुनील पटेल नेजपुर ने बताया की समग्र पाटीदार समाज का युवा एकजुट है और युवाओं का संकल्प है कि राजनीति में समग्र पाटीदार समाज को उचित प्रतिनिधित्व मिले। समग्र पाटीदार समाज के युवाओं द्वारा 31 अक्टूबर को विशाल शोभायात्रा को लेकर प्रत्येक चोखले स्तर पर गांवों में बैठक के जरिए प्रेरित किया जाएगा। पाटीदार समाज अन्नदाता कहां गया है, पाटीदार समाज में सदैव दिया हैं अब सियासी आकाओं को समग्र पाटीदार समाज को लौटाने की बारी है। महेश पाटीदार चितरी समाज को संगठनात्मक रूप से मजबूत बनाने की बात कही। कमलेश पाटीदार मनपुर ने युवाओं का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन सुनील पटेल नेजपुर किया।



### सियासत नहीं राष्ट्र व समाज सर्वोपरिः युवा

समग्र पाटीदार समाज के युवाओं ने बैठक में चर्चा करते हुए कहा कि सदैव राष्ट्र व समाज सर्वोपरि था है और रहेगा। समाज की एकता ही सर्वोपरि है। संगठन में ही शक्ति है। सामाजिक स्तर पर संगठित होकर ही हम तन-मन-धन से समाज को उन्नति की ओर ले जा सकते हैं। समाज में शांति वहां के व्यक्तियों द्वारा स्थापित सामाजिक एकता व समरसता पर आधारित होती है। समग्र पाटीदार समाज के युवाओं ने कहा कि जो समाज हित की बात करेगा समाज का युवा उसे खुलकर सपोर्ट करेगा। समग्र पाटीदार समाज के युवाओं को राजनीति में पर्याप्त हिस्सेदारी दी जानी चाहिए। युवाओं ने कहा कि ऐसी के कमरों में बैठकर किसानों पर की जाने वाली राजनीति बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### यह लिए महत्वपूर्ण निर्णय

* समग्र पाटीदार समाज के युवाओं की बैठक में सरदार पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को विशाल शोभायात्रा निकालने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया।
* समाज में रथ के माध्यम से व्यसन से मुक्त करना व शिक्षा व राजनीतिक जनचेतना लाना
* गांव की इकाई बनाकर समग्र पाटीदार समाज का मजबूत संगठन बनाना
* वर्ष में एक बार समाज के बच्चों को कैरियर काउंसलिंग के माध्यम से प्रेरित करना
* हर गांव में जन सहयोग के माध्यम से एक पुस्तकालय- वाचनालय बनाना

### यहां रहे मौजूद

समग्र पाटीदार समाज की बैठक में महेंद्र पटेल खेमपुर, मनोज पाटीदार करावाड़ा, कुशल पाटीदार ओडवाडिया, रमेश पाटीदार टाटिया, नारायण पाटीदार धत्ताना, प्रशांत पाटीदार करावाड़ा, तुषार पाटीदार करावाड़ा, राजेंद्र पाटीदार टाटिया, राज पटेल टाटिया, कमलेश पटेल टाटिया, राजेंद्र पटेल टाटिया, गजेंद्र पाटीदार टाटिया, विनोद पाटीदार टाटिया, भावेश पाटीदार खेरवाल, संतोष पाटीदार दीवड़ा बड़ा, राजेश पाटीदार दीवड़ा बड़ा, रामलाल पाटीदार नवाडेरा, रोमिल पाटीदार फलोज, दिलीप पाटीदार सालमपुरा, अरुण पाटीदार सालमपुरा, राजू पाटीदार मांडव, भरत पाटीदार मांडव, कमलेश पाटीदार मांडव, विजय पाटीदार विकासनगर, अंकित पाटीदार विकासनगर, रमेश पाटीदार ऊपरगांव, चिराग पाटीदार ऊपरगांव, मिथुन पटेल ऊपरगांव, दिशांत पाटीदार ऊपरगांव, विजय पाटीदार ऊपरगांव, हिमांशु पाटीदार ऊपरगांव, कृष्ण पाटीदार खाड़िया, दीपक पाटीदार खाड़िया, अंकित पाटीदार खाड़िया, विपिन कुमार पाटीदार खाड़िया, वल्लभ पाटीदार खाड़िया, प्रवीण कुमार पाटीदार झलाप, कल्पेश कुमार पाटीदार झलाप, मनोज पाटीदार झलाप, रोहित पाटीदार झलाप, कमलाशंकर पाटीदार झलाप, जतिन पाटीदार नवाडेरा, रितिक पाटीदार नवाडेरा, चिराग पाटीदार नवाडेरा, हीतेश पाटीदार नवाडेरा, प्रिंस पाटीदार विकासनगर, जगदीश पाटीदार विकासनगर, निशांत पाटीदार खाड़िया, हितेश पाटीदार पाडलिया, जयेश पाटीदार खाड़िया, अजय पाटीदार खेड़ा, जयेश पाटीदार खेडा, ऋतिक पटेल भेहना, करण पटेल भहणा, लक्षी पाटीदार जसपुर, भरतलाल पाटीदार सालमपुरा, गोपाल पाटीदार विकासनगर, विपिन पाटीदार किशनपुरा, पदमजी पटेल गणेशपुर, नाथूलाल पाटीदार गणेशपुर, रामजी पाटीदार गणेशपुर, निलेश पाटीदार उपरगाव, जगदीश पटेल आसेला, लोकेश पटेल नेजपुर, हीतेश पाटीदार, धीरज पटेल कनबा, कमलेश पटेल करौली, बाबूलाल पाटीदार फतेहपुरा डूंगरपुर, भगवानलाल पटेल हथोड़, धीरज पटेल नवलश्याम, चिराग पटेल नवलश्याम, दीक्षांत पाटीदार नवलश्याम, विनोद पाटीदार बांसवाड़ा, धनेश्वर पाटीदार जेठाना, दिनेश पाटीदार ओडवाड़िया, मुकेश पाटीदार सुरपुर, अंबालाल पटेल उदयपुर, धनपाल पाटीदार खाड़िया, केवलजी पाटीदार जसपुर, नरेश कुमार पाटीदार गामड़ी देवकी, बादर पाटीदार डोली, मणिलाल पाटीदार गामड़ी देवकी, धूलजी पाटीदार बनकोड़ा, लोकेश पाटीदार जसपुर, गौतम पाटीदार गामडी देवकी, विकास पाटीदार नरणिया, प्रकाश पटेल मेताली, गहरीलाल पाटीदार सालमपुरा, भरतलाल पाटीदार सालमपुरा, नितिन पाटीदार ऊपरगांव, महेंद्र पाटीदार नरणिया, दीपक पाटीदार विकासनगर, निलेश पाटीदार गढ़माला, हार्दिक पटेल धूवालिया, लोकेश पाटीदार मनपुर, शैलेंद्र पाटीदार विकासनगर ,अमृतलाल पाटीदार धावड़ी, वालजी पाटीदार नरणिया, मोहनलाल पाटीदार नरणिया, रतनलाल पाटीदार ऊपरगांव, भूरालाल पाटीदार बेरा डूंगरी, दीपक पटेल नई सत्तू, गौतमलाल पाटीदार हथाई, देवीलाल पाटीदार धावड़ी, धनराज पटेल धुवालिया, प्रवीण पटेल बोरी, विशाल पाटीदार उदयपुरा, राजेश पटेल नवलश्याम, प्रवीण पटेल गढ़माला, कचरू पटेल भेहणा, दुर्गेश पाटीदार ठकरडा, लालचंद पटेल गामडी अहड़ा, चेतन पाटीदार पुनाली, नरेश पाटीदार सिलोही, महेश पाटीदार चितरी व भरतलाल पाटीदार मौजूद थे।

## कोर्ट परिसर में पौध रोपण

**सागवाड़ा।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में रविवार कोर्ट परिसर सागवाड़ा में विधिक तालुक्का साक्षरता एवं बार एसोसिएशन सागवाड़ा द्वारा पौधरोपण का कार्यक्रम रखा गया। जिसमे कोर्ट परिसर में पांच पौधे लगाए एवं उन्हें देखभाल करने का जिम्मा लिया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन सागवाड़ा अध्यक्ष अधिवक्ता लालशंकर पाटीदार, सचिव वीरेंदर मीणा, हितेश शर्मा, लोकेश पाठक, जगदीश बुनकर, निखिल सोमपुरा, मनीष डोडियार, चिराग, प्रेमशंकर ने भाग लिया।




## दो बच्चो की विधवा मां ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर की आत्महत्या की कोशिश

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थानान्तर्गत नवाडेरा मोहल्ले में दो बच्चो की विधवा मां ने आज विषाक्त पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जिसका उपचार चल रहा है। इधर पुलिस पूछताछ में पीडिता ने अपने ससुर पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाया है।

पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कोतवाली थाने के थानाधिकारी दिलीप दान चारण ने बताया की नवाडेरा बस्ती निवासी अनिता जैन के पति उमेश जैन उदयपुर ने नर्सिंग कर्मी थे और दो साल पहले उनकी संदिग्ध मौत हो गई थी।

अनिता तभी से अपने ससुराल में बेटा और बेटी के साथ रह रही थी। थानाधिकारी दिलीप दान चारण ने बताया की आज सुबह अनिता ने विषाक्त सेवन कर आत्महत्या करने की कोशिश की।

## मानस मंडल सेवा संस्थान सागवाड़ा का 497 वां संगीतमय सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या



**सागवाड़ा।** मानस मंडल सेवा संस्थान सागवाड़ा का 497 वां संगीतमय सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन मंगलम विहार में हुआ। कार्यक्रम के प्रारम्भ में गणपति पूजन जितेंद्र सुथार व सरस्वती वंदना नरेश भट्ट महादेव द्वारा करने के पश्चात सुंदरकांड पाठ की चौपाइयों का गान जितेंद्र कलाल व प्रीतम पंचाल द्वारा की गई। यजमान परिवार द्वारा मंडल अध्यक्ष को शाल ओढ़ाकर व सदस्यों को उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान किशोर भावसार ने जीवन मौत का खेल है पगले क्या रोना क्या धोना.. ..जुगल सोनी ने पिंजरे के पंछी रे तेरा दर्द ना जाने कोय... चेतन गोगरोत ने साथी हमारा कौन बनेगा तुम ना सुनोगे तो कौन सुनेगा नकुल गोगरोत ने नजराना दिल का लाया बाबा तेरी नगरी में....नरेंद्र सोमपुरा ने है धन्य तेरी माया जग में ओ दुनिया के रखवाले...सुरेश चंद्र भट्ट ने जिस दिन ओ मुरलीवाले में अपना घर बनवाऊंगा उस घर हर इट पर जयश्रीराम लिखवाऊंगा... विनोद गर्ग ने जो ध्यान तेरा धर ले मन मे भोले वो जग से मुक्ति पा ले.. सहित कई मधुर भजन प्रस्तुत किये। विभिन्न वाद्ययंत्रों पर नकुल, चिराग गुप्ता, जिग्नेश,उत्सव सुथार, धार्मिक,भगू दर्जी, कर्मवीर, नीरज,रवि झांगिड़ ने संगत दी।अंत मे हनुमान चालीसा का पाठ नरेश भट्ट शिवलहरी,जितेंद्र भट्ट द्वारा किया गया। आरती सुरेशचंद्र भट्ट यजमान परिवार द्वारा उतारी।

# मोरन नदी में रेत का टीला ढहने से मजदुर की मौत

- टीले के नीचे रेत निकालते समय हुआ हादसा, जेसीबी की मदद से निकाला गया शव
- रेत के लिये नदी को जगह जगह खोद डाला है



सागवाड़ा। डैयाणा में मोरन नदी के किनारे जेसीबी की सहायता से शव निकालने में जुटे पुलिसकर्मी।



सागवाड़ा। डैयाणा में मोरन नदी के किनारे कुछ इस तरह से खुदाई कर अंदर से रेत निकाली जाती है।

**सागवाड़ा।** डूंगरपुर जिले के ओबरी थाना क्षेत्र के डैयाणा मोरन नदी में रेत का टीला ढहने से उसके नीचे दबने से एक मजदूर की मौत हो गई। टीले के नीचे रेत निकालते समय ये हादसा हुआ है। इधर पुलिस ने जेसीबी की मदद से काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। इधर स्थानीय ग्रामीणों ने मोरन नदी में बजरी खनन माफियाओ द्वारा जगह-जगह अवैध खनन कर नदी का स्वरुप बिगाड़ने का आरोप लगाया है। डूंगरपुर जिले के ओबरी थाने के थानाधिकारी अनिल देवल ने बताया की डैयाणा मोरन नदी के पास आज सुबह मनरेगा के श्रमिक काम कर रहे थे। इस दौरान उन्हें एक लड़के ने बताया की कोई व्यक्ति मोरन नदी में बने एक रेत की टीले के नीचे रेत निकालने का काम कर रहा था। वही अचानक रेत का टीला ढह गया और वह व्यक्ति उसके नीचे दब गया है। लड़के की सुचना पर सभी मनरेगा श्रमिक मौके पर पहुंचे तो देखा की एक व्यक्ति मलबे में दबा हुआ था। जिसके मौत हो चुकी थी। जिस पर लोगो ने मामले की सुचना ओबरी थाना पुलिस को दी। सुचना पर ओबरी थानाधिकारी अनिल देवल अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगो से घटना की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने जेसीबी मशीन को मौके पर बुलवाया और शव को निकालने के प्रयास शुरू किये। इधर काफी मशक्कत के बाद मलबे के नीचे शव को बाहर निकाला जा सका। शव को निकालने के बाद पुलिस ने शव की शिनाख्तगी के प्रयास शुरू किये। पुलिस ने मृतक की पहचान खडगदा निवासी बापू हाजिया डिन्डोर के रूप में की। जिस पर पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। सुचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने बताया की बापू मजदूरी का काम करता है। बापू शुक्रवार से घर से निकला हुआ था उसके बाद से घर नहीं आया था। इधर, स्थानीय ग्रामीणों ने बजरी खनन माफियाओ पर बजरी के लिए मोरन नदी में जगह-जगह अवैध खनन कर बड़े-बड़े खड्डे करने व नदी का स्वरूप बिगाड़ने के आरोप लगाए है।

## डामोर समाज शिक्षा फाउंडेशन चौरासी पांचवा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित




**सीमलवाड़ा।** डामोर समाज शिक्षा फाउंडेशन चौरासी पांचवा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को हुआ। लक्ष्मी माताजी मंदिर झलाई परिसर में रविवार को प्रतिवर्ष की भांति डामोर समाज चौरासी के प्रतिभावान छात्रों,नवनियुक्त कर्मचारियों, अधिकारीयों का सम्मान समारोह बड़े हर्ष और धूमधाम से मनाया गया।जिसकी अध्यक्षता बाबूलाल डामोर सरपंच झलाई,मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त सहायक अभियंता कारीलाल डामोर,विशिष्ट अतिथि नवनियुक्त आरएसएस अधिकारी करण सिंह डामोर,अति विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त एसडीम अमृतलाल डामोर और अन्य मंचासीन अतिथि उपस्थित रहे। स्वागत उदबोधन अजमल डामोर ने दिया, कार्यक्रम के आयोजन के लिए समस्त साथियों का आभार और अतिथियों, प्रतिभाशाली छात्रों का स्वागत किया। सेवानिवृत्त एसडीएम अमृतलाल डामोर ने छात्रों को आईएएस की तैयारियों की बारीकियां बताई,साथ ही अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प होकर मेहनत करने को कहा। वार्डन डायालाल डामोर ने छात्रों से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी सही तरीके से करने पर जोर दिया। मदन सिंह पगी ने छात्रों को जीवन आगे बढ़ने हेतु मोटिवेट किया। नानूराम डामोर ने देसी गीत से छात्रों संस्कृति से जुड़ाव महसूस कराया रायसिंह डामोर से समाज को आगे बढ़ाने के लिए जोर दिया। गायक बाबूलाल ने अपने सुरीले गीत से सब को मंत्रमुग्ध कर दिया। सेवानिवृत्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पन्नालाल डामोर से प्रतिभाशाली छात्रों को आगे बढ़ने,और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने पर जोर दिया। डामोर समाज शिक्षा फाउंडेशन के संरक्षक पूर्व जिला कोषाधिकारी दौलत राम डामोर ने उद्बोधन में कहा की समाज शिक्षा को ही हथियार बना कर आगे बढ़ने पर जोर दिय आरएस अधिकारी करणसिंह डामोर ने प्रतिभा सम्मान समारोह में उपस्थित समस्त छात्रों को दृढ़संकल्प ले कर प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। समारोह में 120 प्रतिभाओं को पुरस्कृत और सम्मानित किया गया। दलपत डामोर,छत्र सिंह डामोर,भरत लाल डामोर,रायमल डामोर,प्रताप सिंह डामोर, श्याम रामलाल केशरपुरा, गोपाल डामोर डामोर, दिलीप डामोर,दीपसिंह डामोर, प्रेमचंद डामोर, मोहनलाल डामोर यूवा वर्ग,नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# चौबीसा समाज की ओर से प्रतिभावान परीक्षा व मार्गदर्शन कार्यशाला का हुआ समापन









**सागवाड़ा।** चौबीसा समाज चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत चौबीसा समाज के कक्षा 6 से 8 में अध्ययनरत सागवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विद्यार्थियों की प्रतिभा खोज परीक्षा व मार्गदर्शन कार्यशाला विद्या निकेतन पुनर्वास कॉलोनी विद्यालय परिसर में गंगरार सीबीईओ लक्ष्मीकांत चौबीसा के मुख्य आतिथ्य व प्रधानाचार्य अशोक चौबीसा की अध्यक्षता में आयोजित हुइ द्य मुख्य वक्ता ट्रस्ट मंडल महामंत्री त्रिभुवन पाडवा थे। स्वागत उद्बोधन देते हुए शिक्षा समिति सदस्य महेश सेलोता ने आयोजन की उपादेयता की जानकारी दी तथा कहा की प्रतिभावान खोज परीक्षा में सेलोता, सूरजगांव व पाडवा के 30 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिय। परीक्षा उपरांत मार्गदर्शन कार्यशाला में अतिथियों ने बाल्यावस्था से ही अपने लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम करने की बात कही। विद्यार्थियों की शंकाओं व प्रश्नों का जवाब देते हुए शिक्षा विदों ने समय निर्धारण तथा नियम बद्धता पर अटल रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि समाज द्वारा किए जा रहे प्रयास अनुकरणीय है तथा इन प्रयासों से हम कठिन परिश्रम कर समाज को गौरवान्वित करेंगे द्य त्रिभुवन पाड़वा ने ट्रस्ट मंडल द्वारा समाज हित में किए जा रहे हैं नवाचारों तथा प्रयासों की जानकारी देते हुए सभी से समाज हित में समय दान करने का आह्वान किया। राकेश भरत चौबीसा ने पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण की महत्ता बताते हुए विद्यार्थियों तथा उपस्थित परिजनों को पौधारोपण तथा उसके संरक्षण की शपथ दिलाई।

समारोह उपरांत चौबीसा समाज जन तथा विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ लक्ष्मीकांत चौबीसा के सीबीईओ बनने पर भव्य अभिनंदन किया। विद्या निकेतन प्रधानाचार्य ईश्वरलाल सोवड़ा ने चौबीसा समाज के स्वर्णिम इतिहास का उल्लेख करते हुए वर्तमान परिपेक्ष में समाज द्वारा आयोजित इस संस्कार पल्लवन शिविर को उपयोगी बताया। इस अवसर पर कन्हैया लाल व्यास,सतीश चंद्र सूरजगांव ,नरेश नटवरलाल,सूर्य शंकर, हर्षद्र मोहन लाल, रोहित जगदीश,दीपक चौबीसा, रजनीकांत चौबीसा, सहित समाज जन उपस्थित थे।

संचालन राकेश भगवरी शंकर ने किया व आभार जयंत देवेंद्र सूरजगांव ने माना।